aglasem.com

कक्षा ११ इतिहास नोट्स

मूल निवासियों का विस्थापन



Key Notes and Important Questions with Answers

विषय - 10
मूल निवासियों का विस्थापन

स्मरणीय तथ्य

1. उपनिवेशिक विस्तार – सत्रहवीं सदी के बाद स्पेन और पुर्तगाल के अमरीकी साम्राज्य का विस्तार नहीं हुआ। फ्रांस, हालैण्ड और इंग्लैण्ड जैसे दूसरे देशों ने अपनी व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार करना और अमरीका, अफ्रीका तथा एशिया में अपने उपनिवेश बसाना शुरू कर दिया।

2. सेटलर – (आबादकार) – शब्द दक्षिण अफ्रीका में डच के लिए, आयरलैण्ड, न्यूजीलैण्ड और आस्ट्रेलिया में ब्रिटिश के लिए तथा अमरीका में यूरोपीय लोगों के लिए प्रयोग होता है।

3. नेटिव – ऐसा व्यक्ति जो अपने मौजूदा निवास स्थान में ही पैदा हुआ था। बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों तक यह पद यूरोपीय लोगों द्वारा अपने उपनिवेशों के बाशिंदे के लिए प्रयोग होता था।

4. वेमपुम बेल्ट – रंगीन सीपियों को आपस में सिलकर बनाई जाने वाली बेल्ट है। इसे किसी समझौते के बाद स्थानीय कबीलों के बीच आदान–प्रदान किया जाता है।

5. अठारहवीं सदी में पश्चिमी यूरोप के लोग सभ्य मनुष्य की पहचान – साक्षरता, संगठित धर्म और शहरीपन के आधार पर करते थे। भाषाएँ –उत्तरी अमरीका में अनेक भाषाएँ बोली जाती थी परन्तु वह लिखी नहीं जाती थी।

6. गोल्ड रश और उद्योगों की वृद्धि – 1840 में कैलीफोर्निया में सोने के चिन्ह मिले तथा गोल्ड रश का प्रारंभ, रेलवे लाइनों का निर्माण, औद्योगिक नगरों का विकास, कारखानों की संख्या में वृद्धि हुई।

7. एबोरिजिनीज :– ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के शुरूआती मनुष्य या आदिमानव को एबोरिजिनीज कहा जाता था।

8. 1911 में आस्ट्रेलिया की राजधानी 'वूलव्हीटगोल्ड' (Woolwheat gold) बनाने का सुझाव दिया गया। अंततः उसका नाम 'कैनबरा' रखा गया जो एक स्थानीय शब्द कैमबरा (Kamberra) से बना है जिसका अर्थ है 'सभा स्थल'।

9. आरंभ में ऑस्ट्रेलियाई मूल निवासियों के साथ दोस्ताना व्यवहार, परन्तु हवाई में कैप्टेन कुक की हत्या के बाद ब्रिटिशों का रवैया पूरी तरह उल्टा गया। इस

घटना का इस्तेमाल औपनिवेशिक ताकतों द्वारा अपने हिंसक व अत्याचार पूर्ण व्यवहार के औचित्य को साबित करने के लिए किया गया।

10. उत्तरी अमेरीका के मूल बाशिंदें नदी घाटी के साथ–साथ बने गाँवों में समूह के रूप में रहते थे। वे मछली एवं मांस खाते थे तथा सब्जियाँ और मकई उगाते थे।

11. फ्रंटियर : किसी अधिपत्य क्षेत्र की सीमा।

12. सरकार ने ऑस्ट्रेलिया की जमीन को 'टेरा–न्यूलिअस' कहा अर्थात् जो किसी की भी नहीं है।

13. वस्तुतः मूल निवासी छोटे इलाकों में सीमित कर कर दिए गए जिन्हें 'रिजर्वेशन्स' कहा जाता था। ये प्रायः ऐसी जमीन थी, जिसके साथ उनका पहले से कोई सम्बंध नहीं था।

14. 1968 में एक मानवशास्त्री W.E.H. Stanner के व्याख्यान 'The Great Australian Silence' (महान ऑस्ट्रेलियाई चुप्पी) के बाद यहाँ बदलाव की लहर आई।

15. ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों की संस्कृतियों का अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालयों में विभाग खोले गए।

अति लघु प्रश्न (2 अंक वाले)

1. 'नेटिव' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
2. 'सेटलर' शब्द से क्या तात्पर्य है?
3. 'वेमपुम' बेल्ट से क्या अभिप्राय है?
4. पश्चिमी यूरोप के लोगों को अमेरिका के मूल निवासी किन कारणों से 'असभ्य' प्रतीत हुए? स्पष्ट कीजिए।
5. उत्तरी अमेरिका के सन्दर्भ में 'रिजर्वेशन्स' से क्या तात्पर्य है?
6. रेड इंडियन से आप क्या समझते हैं?
7. अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों को क्रमशः क्या कहा जाता था?
8. टेरा–न्यूलिअस (Terran Nullius) से क्या अभिप्राय है? ऑस्ट्रेलिया के सन्दर्भ में उत्तर दीजिए।

9. सेटलर शब्द का प्रयोग अफ्रीका तथा आस्ट्रेलिया में किन लोगों के लिए किया जाता है?

10. संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में बड़े उद्योगों के स्थापित होने के कोई दो कारणों के नाम लिखिए।

लघु प्रश्न (4 अंक वाले)

11. अमरीकियों के लिए 'फ्रंटियर' के क्या मायने थे?

12. यूरोपवासियों द्वारा 'नयी दुनिया' के देशों को दिए गए नामों का उल्लेख कीजिए।

13. सत्रहवीं सदी में यूरोपीय व्यापारियों के साथ उत्तरी अमरीका के स्थानीय निवासियों ने कैसा व्यवहार किया?

14. ऑस्ट्रेलिया में मानव निवास के इतिहास का वर्णन करते हुए वहाँ के मूल निवासियों की विशेषता लिखिए।

15. संयुक्त राज्य अमेरिका में दास प्रथा के प्रचलन और समाप्ति के कारणों की व्याख्या कीजिए।

दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)

16. 'गोल्ड रश' से क्या तात्पर्य है? गोल्ड रश के कारण अमरीका में हुई औद्योगिक वृद्धि को स्पष्ट कीजिए।

17. संयुक्त राज्य अमरीका के मूल बाशिंदो को उनकी जमीन से बेदखल क्यों करा दिया गया? उसके लिए कौन–कौन से कारण उत्तरदायी थे।

18. सन् 1970 के दशक में आई बदलाव की लहरों के कारण आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?

दीर्घ प्रश्नोत्तर

16. गोल्ड रश – 1840 में संयुक्त राज्य अमरीका के कैलिफोर्निया में सोने के कुछ चिन्ह मिले। इसने 'गोल्ड रश' के जन्म दिया। यह उस आपाधापी का नाम है, जिसमें हजारों की संख्या में आतुर यूरोपीय लोग चुटकियों में अपनी तकदीर सँवार लेने की उम्मीद में अमरीका पहुँचे।

उद्योगों में वृद्धि :

- गोल्ड रश के कारण पूरे अमरीका महाद्वीप में रेलवे लाइनों का निर्माण हुआ।
- हजारों की संख्या में चीनी श्रमिकों की नियुक्ति हुई।
- रेलवे के साज–समान बनाने के उद्योग विकसित हुए।
- बड़े पैमाने पर कृषि करने वाले यन्त्रों का उत्पादन प्रारम्भ हुआ।
- संयुक्त राज्य अमरीका और कनाडा में औद्योगिक नगरों का विकास हुआ।

17. मूल बाशिंदो को जमीन से बेदखल करना :–

- ब्रिटेन और फ्राँस से आए कुछ प्रवासी ऐसे थे, जो छोटे बेटे होने के कारण पिता की सम्पत्ति के उत्तराधिकारी नहीं बन सकते थे, वे अमरीका में मालिक बनना चाहते थे।
- कैथलिक प्रभुत्व के देशों में रहने वाले प्रोटैस्टेंट एवं प्रोटैस्टेंटवाद समर्थक देशों के कैथलिक अनुयायियों ने यूरोप छोड़ दिया और एक नई जिन्दगी शुरु करने के लिए अमेरिका में आकर वस गए।
- ऐसी फसलें उगाकर, जो यूरोप में नहीं उगाई जाती थी, मुनाफा कमाना चाहते थे।
- मूल बाशिंदों को बेदखल करना गलत नहीं मानते थे, क्योंकि उनके अनुसार मूल बाशिंदे जमीन का उपयोग करना नहीं जानते।

बेदखल करने के तरीके :

- धोखाधड़ी से ज्यादा जमीन ले ली।
- पैसा देने में वायदा खिलाफी की।
- जमीन बिक्री समझौते पर दस्तखत कराने के बाद, मूल बाशिंदों को हटने के लिए बाध्य किया।
- चिरोकी कबीलों को खदेड़ने के लिए अमरीकी फौज का उपयोग किया गया।

- जमीन के अन्दर सीसा, सोना या खनिज होने का पता चलने पर मूल बाशिंदो को उनकी स्थायी जमीन से भी धकेल दिया जाता था।

18. बदलाव की लहर :

- आस्ट्रेलिया के मूल निवासियों को नए रूप में समझने की चाहत जगी।
- मूल निवासियों को विशिष्ट संस्कृतियों वाले समुदाय के रूप में देखा गया।
- प्रकृति और जलवायु को समझने की उनकी विशिष्ट पद्धतियों को पहचाना गया।
- मूल निवासियों की धरोहर जैसे कथायें, कपड़ा साजी, चित्रकारी और हस्तशिल्प को सराहा गया।
- उनकी संस्कृति का अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालयी विभाग खोले गये, संग्रहालय में उनकी कलाकृतियों को जगह दी गई।
- मूल निवासियों ने अपना इतिहास लिखना शुरू किया।
- मूल निवासियों की संस्कृति को आदर दिया गया।
- मूल निवासियों का अपनी जमीन के साथ सम्बंध आदर से देखा जाने लगा।